दिनांक 22.06.2021 स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

# मच्छर उन्मूलन के रोकथाम के लिए निगम कर्मी हर गली मोहल्लें में कर रहे टेमिफाॅस का छिड़काव

भिलाईनगर / भिलाई निगम क्षेत्र में मच्छर उन्मूलन की रोकथाम के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे है। निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली-मोहल्लों के सघन रूप से वार्डों के क्षेत्रों में हैंड स्प्रे से फाॅगिंग कार्य में जुटे हुए हैं, ताकि मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से आम जन को बचाया जा सके साथ ही गमले , पानी टंकी की व घरों के कूलरों में भरे हुए पानी की जांच कर खाली करवाना व टेमिफॅास का छिड़काव किया जा रहा है। मच्छरों के प्रकोप के रोकथाम हेतु टाउनशिप के क्षेत्रों में विशेष टीम बनाकर कार्य किया जा रहा है , जिसका उच्चाधिकारी नियमित रूप से माॅनिटरिंग कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग का अमला घरों में जाकर सर्दी , खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रही है। मच्छर का लार्वा के रोकथाम के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूकता के लिए मुनादी भी कराई जा रही है।

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश जोन कार्यालयों के कर्मचारियों का अमला बारिश के पानी से जलजमाव वाले स्थान पर मच्छर का लार्वा पनपे इसे रोकने मलेरिया व जला आइल का छिड़काव किया जा रहा है तथा मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी से बचाव के लिए भिलाई निगम प्रशासन की ओर से प्रतिदिन शाम को हैन्ड स्प्रे व वाहन के माध्यम से धुआं छोड़कर फाॅगिंग किया जा रहा है। नालियों में जाम गंदगी जैसे स्थानों पर मच्छर का लार्वा न पनप सके स्प्रे मशीन के द्वारा प्रत्येक घरों मंे दवाई का छिड़काव किया जा रहा है ताकि संक्रमण फैलाने वाले कारकों को समूल नष्ट किया जा सके। जोन 05 के सभी वार्डों में लाउडस्पीकर के माध्यम से डेंगू के लार्वा के रोकथाम के लिए मुनादी भी कराई जा रही है। सेक्टर 4 में डेंगू के मरीज मिलने के बाद भिलाई निगम का अमला सक्रिय हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हर घर पहुंचकर कूलरों के पानी, गमला, पानी टंकी, खुले स्थान पर रखे हुए टायर व अनुपयोगी पात्र जिसमें पानी भरा हो उसका सघन स्तर पर लार्वा की जांच कर रहे है , लार्वा मिलने पर तत्काल टेमिफाॅस का छिड़काव कर लार्वा को नष्ट किया जा रहा है। कहीं भी बारिश के पानी से जलजमाव होने वाले स्थानों पर कच्चा रास्ता बनाकर पानी की निकासी करने के साथ वहां पर मलेरिया आॅयल व जला आॅयल छिड़काव किया जा रहा है ताकि ऐसे स्थानों पर लार्वा को पनपने का अवसर न मिले। जिन घरों में लार्वा और डेंगू के मरीज मिले थे, उनके घर के आस पास विशेष टीम बनाकर कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार फाॅगिंग करने वाली टीम सेक्टर 04 सड़क सड़क 01,10,15, स्ट्रीट नं. 11,12,13,14 बोरिया मार्केट सड़क 7 से 14 तक, सेक्टर 05 में सड़क क्रमांक 06 और सड़क क्रमांक 43, सेक्टर 6 एमजीएम स्कूल के पीछे सड़क नंबर 76, हुडको क्वाटर लाइन, वार्ड 24 शारदा पारा बाबा कॉलोनी, न्यू गणेश चैक एरिया, वार्ड 25 संतोषी पारा, वार्ड 25 संतोषी पारा रामानंद किराना स्टोर लाइन, शिव मंदिर लाइन, न्यू स्टर्लिंग टेलर लाइन, चंदू

डिस्क लाइन, चैहान आटा चक्की लाइन,लकड़ी टाल लाइन केशव मेमोरियल स्कूल लाइन, चिकन दुकान लाइन, दुर्गा मंच, सार्वजनिक शौचालय लाइन, सड़क क्रमांक 01 से सड़क क्रमांक 14 में व्हीकल माउंटेन एवं हैडसेट मशीन के माध्यम से प्रतिदिन शाम को मच्छर के प्रकोप को नियंत्रित करने धुआं छोड़कर फॉगिंग किया जा रहा है।